<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–26.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- राष्ट्र आज मना रहा है संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा– भारत लोकतंत्र की जननी, प्रगतिशील और समावेशी है हमारा संविधान।
- प्रदेश में सरकार गठन की तेज हुई कवायद, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली में आज इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेताओं के साथ करेंगे मुलाकात।
- प्रदेश भाजपा कार्यालय में 30 नवंबर और 1 दिसंबर को होगी बड़ी बैठक, विधानसभा चुनाव परिणाम की होगी समीक्षा।
- और केंद्र सरकार ने आयकर विभाग की पैन परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दी, मजबूत साइबर सुरक्षा के किए जाएंगे उपाय ।

******************

राष्ट्र आज संविधान अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। संविधान दिवस के अवसर पर आज दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है और भारत, लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान प्रगतिशील और समावेशी है। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मु ने संविधान निर्माताओं का स्मरण किया। उन्होंने संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों और अधिकारियों के योगदान को भी याद किया।
राष्ट्रपति ने कहा कि सामूहिक भागीदारी से ही संवैधानिक आदर्शों को शक्ति मिलती है।
समारोह में उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और दिल्ली स्थित दूतावासों के प्रमुख भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सर्वोच्च न्यायालय में सविधान दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किया जा रहा है। श्री मोदी न्यायपालिका की वार्षिक रिपोर्ट भी जारी करेंगे।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संविधान राष्ट्र का मार्गदर्शक है।
राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय संविधान दिवस की हार्दिक बधाई दी है।

******************

संविधान को अपनाने की 72 वीं वर्षगांठ पर केन्द्र सरकार ने आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। यह समारोह 26 नवम्बर, 2025 तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे। राज्य में भी संविधान दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । जहां लोगों ने संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।

******************

राज्य में नई सरकार गठन को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। मंत्रिमंडल का खाका तय करने को लेकर विचार–विमर्श का दौर जारी है। मंत्रियों के नाम तय करने के लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों के प्रभारी अपने–अपने हाईकमान के साथ राय–मशवरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली दौरे पर हैं जहां कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के कई शीर्ष नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। सूत्रों के अुनसार इस दौरान इंडी गठबंधन की सरकार के भावी स्वरूप को लेकर भी मंथन करेंगे।

******************

झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 30 नवंबर और 1 दिसंबर को प्रदेश कार्यालय में बड़ी बैठकों का आयोजन किया है । शनिवार को कुल तीन महत्वपूर्ण बैठकें होंगी इन बैठकों में प्रत्याशी , विधानसभा के प्रभारी और कोर कमेटी चुनाव समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति रहेगी।

******************


वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले की बरसी पर अपनी जान गंवाने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र उन सुरक्षाकर्मियों को नमन करता है जिन्होंने देशवासियों की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। राष्ट्रपति ने इन बलिदान देने वाले सुरक्षाकर्मियों के परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारत आतंकवाद को समाप्त करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी वीर शहीदों को नमन किया

******************

आर्थिक मामलों की केन्द्रीय मंत्रिमंडल समिति ने आयकर विभाग की पैन परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 1 हजार 435 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस चरण में पूरे मौजूदा तंत्र को संवर्धित किया जाएगा और पोर्टल को एकीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पैन के दूसरे चरण में मजबूत साइबर सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। श्री वैष्णव ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा पैन नम्बर बने रहेंगे।

******************

खरकई और स्वर्णरेखा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में टाटा स्टील की ओर से कई प्रयास किए जा रहे हैं।

******************

आज राष्ट्रीय दुग्ध दिवस है। यह दिवस देश में श्वेत क्रांति के जनक डॉ वर्गीस कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

******************

संक्षिप्त खबरें

- नेशनल सीड्स कारपोरेशन से देवघर जिले में कृषि विभाग को 1600 क्विंटल गेहूं का बीज भेजा गया है। अधिकृत विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को यह 50 फीसदी अनुदानित दर पर मिलेगा
- लातेहार जिले के नेतरहाट और महुआडांड़ थाना क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में काम कर रहे संवेदकों को धमकाने और लेवी मांगने के मामले में पुलिस ने 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।
- रामगढ़ जिले में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन तथा जल जीवन मिशन के प्रगति की संबंध में समीक्षा की गई।

*************